आवेदन आमंत्रित

# युवार्ता फैलोशिप

## सतत् विकास लक्ष्यों पर युवाओं के साथ एक पहल

VIKAS SAMVAD

समाज के चहुंमुखी विकास के लिए सतत् विकास लक्ष्य एक महत्वपूर्ण आयाम हैं। 2030 तक सत्रह लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए पूरी दुनिया आगे बढ़ रही है। भारत भी इसके लिए कृतसंकल्पित है। भारत इस वक्त दुनिया का सबसे युवा और संभावनाओं से भरपूर देश है, इसलिए इन लक्ष्यों की प्राप्ति में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। सतत् विकास लक्ष्यों को विकास संवाद की 'युवार्ता फैलोशिप' ऐसी ही एक पहल है। इस पहल में युवा साथी अपने—अपने दायरे में अपने और समाज की बेहतरी के सपने को आगे बढ़ा सकेंगे। समाज की बेहतरी के लिए अपने ड्रीम प्रोजेक्ट बनाएंगे और उन्हें साकार करेंगे।

युवार्ता फैलोशिप, विकास संवाद द्वारा युवा विकास के लिए एक अभिनव पहल है जो युवाओं को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम मानते हैं कि युवा हमारे समाज का वर्तमान और भविष्य हैं, और उनके पास सकारात्मक बदलाव लाने की शक्ति है।

### फैलोशिप क्या और कैसे...

युवार्ता फैलोशिप नौ महीने की यात्रा है। इसके तहत मध्यप्रदेश के युवा साथी सतत् विकास लक्ष्य (1 से 6, 10 और 15) के अंतर्गत अपने विषय का चुनाव करेंगे, उस पर एक प्रोजेक्ट तैयार करेंगे। संचार माध्यमों का चुनाव करेंगे, उसमें दक्ष बनेंगे और अपने विषयों को समाज की मुख्यधारा में लाने का काम भी करेंगे। विषय की अधिक समझ और कौशल विकास के लिए क्षमता वृद्धि कार्यशालाएं होंगी। मेंटर उन्हें मार्गदर्शन देंगे। फैलोशिप के दौरान मुद्दों सम्बंधित विषयों पर सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। 9 माह की यह यात्रा अनुभव और सीखों से भरपूर होगी।

### फैलोशिप से आप सीख पाएंगे...

- बेहतर समाज के निर्माण में संवैधानिक मूल्यों का महत्व
- सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की समझ और संचार के माध्यम से बेहतर तरीके से कहना और पेश करना
- सामाजिक दृष्टिकोण और विश्लेषण कौशल का विकास
- सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए परियोजनाओं का विकास और कार्रवाई करना
- मिलकर काम करने का हुनर
- संचार माध्यमों के प्रयोग में दक्ष

### विकास संवाद के बारे में...

विकास संवाद खाद्य एवं पोषण सुरक्षा, टिकाऊ खेती, महिला एवं बाल स्वास्थ्य, सामुदायिक नेतृत्व विकास, और संवैधानिक मूल्यों के लिए पिछले दो दशकों से काम कर रही संस्था हैं. समाज के विभिन्न विषयों, युवा विकास पर युवाओं का एक बड़ा समूह संस्था के साथ जुड़कर काम करता है। संस्था विकास संचार, स्वैच्छिक संस्थाओं की क्षमता वृद्धि, सामाजिक शोध और दस्तावेजीकरण की भूमिका भी निभाती है।

### यदि आप इन बिन्दुओं पर खुद को खड़ा पाते हैं तो करें आवेदन ...

- सामाजिक-संवैधानिक मूल्यों में विश्वास, समाज के लिए अपना योगदान देने की इच्छा
- नया सीखने समझने में विश्वास
- संचार माध्यमों के बेहतर उपयोग में दक्ष बनने की चाह
- फैलोशिप के उद्देश्यों और गतिविधियों के प्रति प्रतिबद्ध
- कार्यशालाओं, सेमिनारों और अन्य प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने का समय
- अन्य फेलो सामुदायिक भागीदारों के साथ मिलकर काम करने का हुनर
- फैलोशिप टीम के साथ नियमित रूप से संवाद करने की क्षमता

## कौन और कैसे करें आवेदन

- मध्यप्रदेश में रहने वाले 18 से 26 आयु वर्ग के युवा
- समाज कार्यों में अपना योगदान देने में अभिरुचि
- संचार माध्यमों के उपयोग में रूचि
- कम से कम एक साल के लिए समुदाय के विकास के लिए काम करने का अनुभव वांछित

**आवेदन के लिए फॉर्म का लिंक...**

**https://forms.gle/jPdsx4pnkFCBgPUq5**

**क्यू.आर.कोड ..**

**अधिक जानकारी के लिए मेल या फ़ोन करें,**

communication@vssmp.org,

9711419962, 9977958934

**सम्मान राशि:**
**₹ 10000 प्रति फेलो/ प्रति माह**

**फैलोशिप अवधि:**
**9 माह**

**आवेदन की अंतिम तिथि:**
**10 जून 2024**

## इन सतत विकास लक्ष्यों पर अपनी कार्ययोजना बना सकते हैं।

**लक्ष्य 1:** हर जगह हर रूप में गरीबी का अंत करना
**लक्ष्य 2:** भूख का अंत करना, खाद्य सुरक्षा और बेहतर पोषण प्राप्त करना और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देना
**लक्ष्य 3:** सभी उम्र के सभी लोगों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करना और कल्याण को बढ़ावा देना
**लक्ष्य 4:** सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना और आजीवन सीखने के अवसरों को बढ़ावा देना
**लक्ष्य 5:** लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना
**लक्ष्य 6:** सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और टिकाऊ प्रबंधन सुनिश्चित करना
**लक्ष्य 10**: देशों के अंदर और बीच असमानता को कम करना
**लक्ष्य 15**: स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्रों के टिकाऊ उपयोग की रक्षा करना, पुनर्स्थापित करना और बढ़ावा देना, जंगलों का टिकाऊ प्रबंधन करना, मरुस्थलीकरण का मुकाबला करना, और भूमि क्षरण को रोकना और उलटना और जैव विविधता हानि को रोकना न्याय तक पहुंच प्रदान करना और सभी स्तरों पर प्रभावी, जवाबदेह और समावेशी संस्थान बनाना
**लक्ष्य 16.** सतत विकास के लिए शांतिपूर्ण और समावेशी समाज को बढ़ावा देना, सभी के लिए न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करना और सभी स्तरों पर प्रभावी, जवाबदेह और समावेशी संस्थानों का निर्माण करना

# आपके मन में उठने वाले सवाल

**प्रश्न: फैलोशिप के लिए कितना समय देना होगा?**
उत्तर: फैलोशिप 9 माह के लिए है। जुड़ाव पूरे समय के लिए होगा। इस दौरान कुल 60 दिनों के लिए उन्मुखीकरण, ट्रेनिंग, और ऑनलाइन सत्रों की योजना बनाई गई है। इसके साथ ही फेलो के लिए ज़मीनी -स्तर पर कार्य करना अनिवार्य है। जिसके लिए योजना बनाकर प्रति माह 3 दिन समुदाय में बैठक करना ज़रूरी हैं।

**प्रश्न: मैं एक संस्था में काम करता हूं, क्या मैं आवेदन कर सकती/सकता हूं?**
उत्तर: नहीं कर सकते हैं। यदि आप किसी संस्था से वालंटियर या पार्ट टाइम कार्यकर्ता के रूप में जुड़े हैं, तो कर सकते हैं। आपको इसके लिए एक अनापत्ति प्रमाण पत्र देना होगा।

**प्रश्न: मेरी उम्र का अठारह वर्ष चल रहा है, क्या मैं आवेदन कर सकती/सकता हूं?**
उत्तर: नहीं, आवेदन के लिए 18 वर्ष की आयु पूरी होना अनिवार्य है। ध्यान रहे आवेदन के लिए आयु मापदंड 18-26 वर्ष हैं।

**प्रश्न: फैलोशिप के लिए दूसरे जिले या राज्य जाना होगा?**
उत्तर: ज़रूरी नहीं, आप अपने द्वारा तय कार्यक्षेत्र (गाँव/शहर) पर रह कर ही यह फैलोशिप कर सकते हैं.

**प्रश्न: यदि फैलोशिप पूरी होने के बाद भी इस क्षेत्र में काम करना जारी रखना चाहते हैं तो क्या होगा?**
उत्तर: विकास संवाद द्वारा फैलोशिप को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। आप अपने स्तर पर काम जारी रख सकते हैं। संस्था द्वारा स्थानीय संस्था या मेंटरिंग के ज़रिए मदद की संभावना है।

**प्रश्न: फैलोशिप के बाद मेरे पास कौन से करियर विकल्प हैं?**
उत्तर: आपके द्वारा पहले की गई नौकरियों या पदों के अलावा, यह फैलोशिप आपके लिए कई नए रास्ते खोलती है। एसडीजी पर काम कर सकते हैं, समुदाय विकास के लिए स्थानीय संस्था के साथ काम कर सकते हैं, या उच्च शिक्षा के लिए जा सकते हैं। इन सभी के लिए युवार्ता फैलोशिप की सीखें आपको मजबूत और बेहतर उम्मीदवार बनाती हैं।

**प्रश्न: क्या फेलो के लिए इतनी पुरानी समस्याओं को हल करने के लिए नौ महीने पर्याप्त हैं?**
उत्तर: ग्रामीण समस्याएं जटिल है और दृश्यमान परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयास ज़रूरी है। यह फैलोशिप एक मंच जहाँ फेलो, ग्रामीण समस्याओं की जटिलता को समझने और संवाद के ज़रिये समाधान करने के प्रयास के लिए तैयार करती हैं।

**प्रश्न: फैलोशिप से क्या मिलेगा?**
उत्तर: युवार्ता फेलो होने के नाते आपकी सीख:
- सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) के काम संचार के माध्यम से बेहतर तरीके से कहना और पेश करना सीखेंगे।
- संवैधानिक मूल्यों - न्याय, बंधुता, मानवीय गरिमा, परस्परता, मानवीय स्वतंत्रता के व्यवहारिक अर्थों को जानना.
- आप ज़रूरी दृष्टिकोण को विकसित कर महत्वपूर्ण प्रश्न पूछना सीखेंगे।
- एसडीजी और संचार सम्बंधित जानकारी का विश्लेषण करने और अपने निष्कर्ष निकालने में सक्षम होंगे।
- आप सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए रणनीति विकसित करना और कार्रवाई करना सीखेंगे।
- आप दूसरों के साथ मिलकर काम करना और लक्ष्यों को प्राप्त करना सीखेंगे।

**प्रश्न: क्या मैं अपने आवेदन मेल कर सकती/सकता हूं?**
उत्तर: नहीं, आवेदन केवल ऑनलाइन आवेदन फॉर्म (गूगल फार्म) के ज़रिये ही मान्य है.

**प्रश्न: फैलोशिप के दौरान फेलो से क्या अपेक्षाएं हैं?**
उत्तर: फैलोशिप के उद्देश्यों और गतिविधियों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध हों
- कार्यशालाओं, सेमिनारों और अन्य प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लें
- अन्य फेलो और सामुदायिक भागीदारों के साथ मिलकर काम करें
- अपने स्वयं के सामुदायिक विकास प्रोजेक्ट को विकसित करने के लिए समय समर्पित करें
- फैलोशिप टीम के साथ नियमित रूप से संवाद करें

**प्रश्न: कार्यक्रम के दौरान फेलो को क्या सहायता मिलेगी?**
उत्तर: फेलो को फैलोशिप टीम से निम्नलिखित माध्यमों से सहायता मिलेगी:
- मेंटरशिप और मार्गदर्शन
- नेटवर्किंग के अवसर
- संसाधनों और उपकरणों तक पहुँच
- निरंतर प्रशिक्षण और विकास